मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा

मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा,
ये बता दे ये बता दे ये बता दे कब बदलेगा नसीब मेरा,
मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा,

खाटू नरेश प्यारे तू दाता मैं भिखारी,
रिश्ता मेरा है तुझसे तू देव मैं पुजारी,
मैं मानता हु तुझको और बंदगी में तू है,
तू बता दे श्याम बेबसी मेरी ज़िंदगी में क्यों है,
मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा...

मैं सफर में ज़िंदगी के हर एक कदम पे हारा,
मैं बेसहारा सँवारे कोई नहीं सहारा,
हारे का तू सहारा तेरा सहरा होया,
मैं हार कर जहां में तेरे द्वार आकर रोया,
मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा,

कलयुग में ऐसा देवा बिन मांगे सब कुछ देता,
दया की बिक्शा मांगे लेहरी अब क्यों न श्याम देता,
जोहरी तू सच्चा सँवारे तकदीर मेरी मांज दे,
सबको नवाजे श्याम तू मुझको भी नवाज दे,
मेरे श्याम धनि मैं गरीब तेरा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4792/title/mere-shyam-dhani-main-gareeb-tera-ye-bta-de-ye-bta-de-kab-badale-ga-naseeb-tera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |